महोबा पुलिस

दिनांक- 27.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 937/26

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 27.10.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



महोबा पुलिस

दिनांक- 27.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 938/26

मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत महोबा पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकार एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान-6.0 के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मंदिरों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा महिला एवं बाल अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही, महिला हेल्पलाइन 181, महिला शक्ति लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

महिलाओं एवं बालिकाओं को UPCOP ऐप के माध्यम से उपलब्ध पुलिस सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ साइबर अपराधों, फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं अन्य डिजिटल अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें अपनी व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, बैंकिंग विवरण एवं पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की सलाह भी दी गई।

अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित प्रमुख कानूनों, जैसे पॉक्सो अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के संबंध में जागरूक किया गया, जिससे वे अपने अधिकारों को समझ सकें तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में उचित सहायता प्राप्त कर सकें।

मिशन शक्ति अभियान-6.0 का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास सुदृढ़ करना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना, आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना तथा महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। महोबा पुलिस द्वारा अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति समाज को जागरूक करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

महोबा पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी संकोच के पुलिस से संपर्क करें तथा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। पुलिस द्वारा प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

महोबा पुलिस का संकल्प — नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन।

सशक्त नारी, सुरक्षित समाज!





महोबा पुलिस

दिनांक- 27.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 936/26

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण, पुलिस लाइन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा आज दिनांक 27.10.2026 को पुलिस लाइन, महोबा के परेड ग्राउण्ड में आयोजित साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दौड़ कराई गई तथा अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं कर्तव्य के प्रति तत्परता बनाए रखने पर जोर दिया गया। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों को शस्त्र संचालन का अभ्यास कराया गया तथा शस्त्रों के सुरक्षित एवं दक्षतापूर्ण उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन, महोबा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लेते हुए क्वार्टर गार्द, आदेश कक्ष, परिवहन शाखा, शस्त्रागार, पुलिस मेस, कैंटीन एवं आरओ प्लांट का निरीक्षण किया गया। क्वार्टर गार्द एवं आदेश कक्ष में रखे रजिस्टरों तथा अन्य अभिलेखों का अवलोकन कर उनके रख-रखाव एवं अभिलेखीय कार्यों की समीक्षा की गई। संबंधित कर्मचारियों को अभिलेखों को नियमानुसार अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।



- परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान शासकीय वाहनों एवं उपलब्ध उपकरणों के रख-रखाव पर ध्यान देते हुए उनकी नियमित देखभाल एवं उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शस्त्रागार में शस्त्रों एवं अन्य उपकरणों के सुरक्षित रख-रखाव तथा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पुलिस मेस एवं कैंटीन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही आरओ प्लांट एवं पेयजल व्यवस्था का जायजा लेकर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस लाइन की समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने, शासकीय संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने, अभिलेखों का नियमित रख-रखाव करने तथा परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ करने तथा व्यवस्थाओं में पाई जाने वाली कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर कर पुलिस लाइन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया